NBT नवभारत टाइम्स By THE TIMES OF INDIA

ऐप

विश्व पृथ्वी दिवस पर वेदांता की बड़ी घोषणा, पिछले साल 30 लाख टन Co2 emission घटाया

World Earth Day 2026: अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाले वेदांता लिमिटेड ने पिछले साल रिन्यूएबल एनर्जी या नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने में 50% से अधिक बढ़ोतरी की है। इसने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 30 लाख टन सीओ$_2$ उत्सर्जन घटाया है।

Authored By: शिशिर चौरसिया

Updated: 22 Apr 2026, 11:42 am IST | नवभारतटाइम्स.कॉम

Advertisement

NBT को सिलेक्ट कर

नई दिल्ली: आज विश्व पृथ्वी दिवस (Worl… ऐप में खोलें । हर साल 22 अप्रैल के दिन दुनिया भर

होम वीडियो ज्योतिष शहर चुनें

विश्व पृथ्वी दिवस पर वेदांता की बड़ी घोषणा**(फोटो- नवभारतटाइम्स.कॉम)**

30 लाख टन कार्बन उत्सर्जन बचाया

मेटल, ऑयल एंड गैस, क्रिटिकल मिनरल्स, पावर और टेक्नोलॉजी सेक्टर की कंपनी वेदांता लिमिटेड (Vedanta Ltd) ने घोषणा की कि वित्त वर्ष 2026 में उसके रिन्यूएबल एनर्जी उपयोग में पिछले वर्ष की तुलना में 50% से अधिक वृद्धि होकर 3.97 बिलियन यूनिट (BU) हो गई है। इस दौरान कंपनी ने 30 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन (Carbon dioxide emissions) से बचाव किया। कंप... का कहना है कि अब स्ट्रेटेजिक मेटल्स और क्रिटिकल मिनरल्स का पोर्टफोलियो एडवांस मैन्यूफैक्चरिंग, ग्लोबल एनर्जी ट्रांजिशन और क्लीन टेक को आगे बढ़ाने में मदद कर रहा हे।

ऐप में खोलें

Advertisement

नेट जीरो की तरफ मजबूत कदम

दुनिया भर की प्रतिष्ठित कंपनियां इस समय नेट जीरो (Net Zero) की तरफ बढ़ रही हैं। वेदांता का कहना है कि वह नेट जीरो जर्नी की तरफ मजबूत कदम उठा रही है। उसने मेटल्स इंटेंसिटी में 15% की कमी की है। यह वित्त वर्ष 2020-21 के 6.45 tCO_2e/tm के बेसलाइन से घटकर वित्त वर्ष 2025-26 में 5.44 tCO_2e/tm हो गई है। यह परिचालन दक्षता को दर्शाता है। वेदांता ने वैकल्पिक ईंधन के रूप में 365 किलो टन बायोमास का भी उपयोग किया है, जिससे अनुमानित 5 से 6 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आई है। साथ ही, कंपनी ने अपने विभिन्न कारोबार में जल संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रगति की है। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड, केर्न ऑयल एंड गैस और इसके आयरन ओर बिजनेस ने नेट वॉटर पॉजिटिव स्थिति हासिल की है

चढ़ गया शेयर

बुधवार, 22 अप्रैल 2026 को भारतीय शेयर बाजार गिरे हुए हैं। सुबह 09.40 बजे बीएसई सेंसेक्स में करीब 500 अंकों की गिरावट थी। लेकिन वेदांता लिमिटेड के शेयर में 4.10 रुपये या 0.53 फीसदी बढ़ कर 771.15 रुपये पर ट्रेड कर रहा था।

लेखक के बारे में
शिशिर चौरसिया

ऐप में खोलें